PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Wed, 16 Aug 2017, Page 14
Width: 24.72 cms, Height: 32.94 cms, a3, Ref: 8.2017-08-16.108

गोरखपुर की घटना को आपदा से जोड़ने पर भड़का विपक्ष

> “मौसम में बदलाव के कारण समस्याएं पैदा हो रही हैं। कई जगह प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ा। एक अस्पताल में बच्चों की मौत हो गई। पूरा देश उनके साथ है। –पीएम मोदी

■ एजेंसियां, नई दिल्ली

कांग्रेस ने स्वतंत्रता दिवस पर गोरखपुर हादसे के बारे में दिए गए पीएम के बयान को असंवेदनशील बताया है। पार्टी ने कहा, ‘मोदी ने गोरखपुर त्रासदी की अन्य प्राकृतिक आपदाओं से तुलना करते समय बच्चों के मारे जाने की घटना के बारे में कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई। यह बहुत निराशाजनक है।’ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने कहा, ‘पीएम ने गोरखपुर घटना के प्रति कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई। वह इस बात की गंभीरता नहीं समझ रहे कि लापरवाही भरे रवैये के कारण गोरखपुर में बड़ी संख्या में बच्चों की मौत हुई है।’

पीएम ने गोरखपुर घटना पर मंगलवार को कहा, ‘उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पताल में अपने बच्चों को खोने वाले परिवारों के साथ पूरे देश की सहानुभूति है। उन्हें सहायता देने में केंद्र कोई कसर बाकी नहीं रखेगा। प्राकृतिक आपदाएं बड़ी चुनौती खड़ी करती हैं। अच्छी वर्षा से देश की समृद्धि बढ़ती है। लेकिन मौसम में बदलाव के कारण समस्याएं पैदा हो रही हैं। हाल के समय में देश के कई हिस्सों को प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ा। एक अस्पताल में बच्चों की मौत हो गई और पूरा देश उनके साथ है।’

मंत्रियों की लिखित शिकायत

गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में कथित रूप से ऑक्सीजन की कमी के चलते जिन 30 बच्चों की मौत हुई, उनमें से एक के पिता ने उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव और दो मंत्रियों को हादसे का जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत की दी है। शिकायतकर्ता का नाम राजबर है। वह बिहार के गोपालगंज का निवासी है और दिहाड़ी मजूदर है। सोमवार रात की गई लिखित शिकायत पर पुलिस का कहना है कि वह इस पर गौर कर रही है। 10 अगस्त को राजबर के पांच साल के बेटे की मौत हो गई थी।

क्या झूठ बोला सरकार ने?

मीडिया रिपोर्ट्स में योगी सरकार के उस दावे को झूठा बताया गया है जिसमें कहा गया था कि राज्य सरकार को ऑक्सीजन के बकाया पेमेंट की जानकारी 4 अगस्त को हुई। राज्य के मेडिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट के रिकॉर्ड्स के हवाले से कहा गया है कि पहली बार 22 मार्च को मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने मेडिकल ऐंड हेल्थ डिपार्टमेंट के डायरेक्टर जनरल को बकाया राशि का भुगतान करने के लिए लिखा था। इसके बाद ऐसे कई पत्र लिखे गए।

योगी सरकार पर संघ का सवाल

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में सरकारी अस्पताल में बच्चों की मृत्यु को लेकर आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार की कड़ी निंदा की है। अवध क्षेत्र के आरएसएस प्रांत संघचालक प्रभु नारायण ने अपनी फेसबुक पोस्ट में लिखा है, 'इस मामले में कानूनी कार्यवाही में चाहे जो भी दोषी साबित हो, राज्य सरकार नैतिक जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। इसके लिए राज्य सरकार के सभी मंत्रियों और उत्तर प्रदेश में बीजेपी संगठन के सदस्यों को प्रायश्चित करना चाहिए।'